कार्यालय : अंचल अधिकारी, चन्द्रपुरा (बोकारो)

विविध वाद : ___/2024

10/07/24 अभिलेख उपस्थापित

उभय पक्ष हाजिर हुए। परन्तु पुकार पर द्वितीय पक्ष काली चरण मांझी अनुपस्थित। यह वाद भूमि विवाद से संबंधित है। वाद की सुनवाई हेतु उभय पक्ष की उपस्थिति आवश्यक है। अभिलेख दिनांक 29/07/24 को रखें।

अं० अ०

29/07/2024 अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष उपस्थित। पीठासीन पदाधिकारी धार्मिक समिति, विधानसभा, झारखण्ड, रांची में होने के कारण वाद की सुनवाई नहीं हो पायी। अभिलेख दिनांक 16/08/2024 को रखें।

अं० अ०
चन्द्रपुरा।

16/08/2024 अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्षों के द्वारा हाजिरी दी गयी। उभय पक्षों को सुना। प्रथम पक्ष के द्वारा बताया गया कि काली मुर्मू गलत तरीके से हमलोगों के खतियानी जमीन जिसका विवरण है मौजा- बदसेरा के खाता सं० 62 प्लॉट सं० 1636 रकबा 36 डी० के मध्ये 2¼ डी० भूमि बिक्री कर दिया है, उक्त जमीन कालीचरण मांझी पिता सोमरा मांझी ग्राम- कुदसेरा थाना- दुग्धा खरीदा है।

द्वितीय पक्ष कालीचरण मांझी द्वारा बताया गया की हम खतियानी रैयत के वंशज काली मुर्मू से केवाला सं० 1344 दिनांक 31.07.2024 से मौजा- बुदसेरा खाता सं० 62 प्लॉट सं० 1636 रकबा 36 डी० के मध्ये 4.25 डी० जमीन खरीदा हूँ। उक्त केवाला से प्राप्त भूमि

का दाखिल-खारीज केस सं० 353/23-24 से फराकर लगान रसीद कटवा रहा हूँ। उक्त भूमि पर मेरा दखल है।

द्वितीय पक्ष द्वारा प्रस्तुत कागजातों के अवलोकन किया। अवलोकनोपरांत यह स्पष्ट होता है कि द्वितीय पक्ष द्वारा मौजा-कुदबेटा के खाता सं०-62 के खतियानी रैयत लखीराम मांझी के वंशज काली मुर्मू से प्रश्नगत भूमि क्रय किया है। प्रथम पक्ष द्वारा भी बताया गया कि काली मुर्मू खतियानी रैयत लखीराम मांझी के वंशज है। प्रथम पक्ष का यह भी कहना है कि काली मुर्मू हमलोगों के हिस्से की जमीन जिसमें घर-आँगन है वह बेच दिया है, जो गलत है।

उभय पक्षों के सुनने तथा कागजातों के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है प्रश्नगत भूमि के विक्रेता काली मुर्मू, खतियानी रैयत लखीराम मांझी के वंशज हैं, यदि प्रथम पक्ष को लगता है कि उसके हिस्से की भूमि काली मुर्मू द्वारा निबंधित केवाला से बेच दिया गया है तो प्रथम पक्ष उक्त केवाला को रद्द कराने हेतु सक्षम न्यायालय जा सकते हैं। क्योंकि यह वाद बंटवारा/स्वत्व से संबंधित है। इस प्रकार इस वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

16/08/24
अं० अ०
मधुपुर।

Digitally signed by Naresh Kumar Verma
Date: 2024.08.16 17:23:46 +05:30
Location: 192.168.1.35